# सैनिक स्कूल में अन्तर्सदनीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन



**नव स्वदेश ■ रीवा**

विंध्य क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों में एक सैनिक स्कूल रीवा में कनिष्क वर्ग की श्रेणी में अन्तर्सदनीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के तरणताल में 05 अगस्त 2025 से 6 अगस्त 2025 तक किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन तैराकी की अलग अलग अनेक विधाओं में किया गया जिसमें मुख्य रूप से फ्री स्टाइल, ब्रेस्टस्ट्रोक, अण्डर वाटर, सरफेस डाइविंग रिले इत्यादि थी। सभी श्रेणियों में प्रतिभागियों ने अत्यंत जोश व उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में आये परिणामों पर नजर डाले तो विजेता अभिमन्यु सदन, उपविजेता भरत सदन, बेस्ट तैराक पीयूष रहे हैं। कर्नल अविनाश रावल प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा के द्वारा विजेता व उपविजेता सदन को ट्राफी प्रदान की गयी। प्राचार्य नें विजेताओं को शुभकामनायें दी व सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर ले कर्नल एपीएस भुल्लर,प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर सीएच त्रिलोक कुमार, उपप्राचार्य डॉ आर इस पाण्डेय, वरिष्ठ अध्यापक, समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे।

नव स्वदेश

रीवा, रविवार, 17 अगस्त 2025 | 7

# सैनिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह का हुआ आयोजन


नव स्वदेश ■ रीवा



सैनिक स्कूल रीवा में देश का 79 वा स्वतंत्रता दिवस धूमधाम व गौरवशाली तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सैनिक स्कूल रीवा के पुरा छात्र कमोडोर पंकज सिंह (रिटायर्ड ) रहे। प्रातः 08 बजे सैनवा स्मारक पर श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात् प्रातः 08.30 बजे ध्वजारोहण विद्यालय के परेड ग्राउंड पर मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कर्नल अविनाश रावल, प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा, लेफ्टिनेंट कर्नल ए पी एस भुल्लर ,प्रशासनिक अधिकारी ,स्क्वाड्रन लीडर सीएच त्रिलोक कुमार,उपप्राचार्य, डॉ आर एस पाण्डेय ,वरिष्ठ अध्यापक, अध्यापकगण, प्रशासनिक कर्मचारी, सैनिक शिशु निकेतन की शिक्षिकाएं ,छात्र व कैडेट्स, उपस्थित थे।

इसके अतिरिक्त विशिष्ठ अतिथि के रूप में सैनिक स्कूल रीवा की प्रथम महिला श्रीमती नेहा रावल व श्रीमती कीर्ति भुल्लर उपस्थित रही। राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत समूह गान, समूह नृत्य एवं वक्तव्य छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए। सैनिक शिशु निकेतन के छोटे-छोटे बच्चों ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें सभी ने सराहा। स्वतंत्रता दिवस समारोह एसएएफ ग्राउण्ड में आयोजित हुआ। सैनिक स्कूल रीवा की तीन टुकड़ियां, एनसीसी आर्मी विंग, नेवल विंग व एयर विंग सम्मिलित हुए। इसके अतिरिक्त परेड में सैनिक स्कूल रीवा की गर्ल्स विंग भी सम्मिलित हुई। परेड में प्रथम स्थान-गर्ल्स विंग, द्वितीय स्थान -आर्मी विंग एवं तृतीय स्थान नेवल विंग का रहा।

नवभारत
सतना मंगलवार, 07 अक्टूबर 2025
10



# सैनिक स्कूल के पुरा छात्र मेजर जनरल जीतेन्द्र सिंह ने किया कैडेट्स को प्रेरित

**नवभारत न्यूज**

रीवा, 6 अक्टूबर, सैनिक स्कूल रीवा में विद्यालय के पुरा छात्र मेजर जनरल जीतेन्द्र सिंह, डीन, आर्मी वॉर कॉलेज महू का आगमन हुआ. सर्वप्रथम मुख्य अतिथि नें सैनवा स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तत्पश्चात विद्यालय के मानेकशॉ सभागार में विशेष सभा का आयोजन किया गया.

कैडेट द्वारा मुख्य अतिथि का संक्षिप्त परिचय दिया गया. तदुपरांत मुख्य अतिथि नें कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए प्रेरक व्याख्यान दिया जिसमें उन्होनें कैडेट्स को अपने अंदर नेतृत्व क्षमता का विकास करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए. मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरक व्याख्यान में देश व सैनिक स्कूल रीवा के सफल व महान व्यक्तित्व का उदाहरण देते हुए कैडेट्स को प्रेरित किया. उन्होनें कैडेट्स को एन डी ए की एस एस बी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए भी महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए पुस्तकालय की पुस्तके पढ़ने के लिए जोर दिया तथा रक्षा सेवा में प्रवेश हेतु प्रेरित किया. व्याख्यान के अंत में कैडेट्स ने मुख्य अतिथि से लीडरशिप, आत्मविश्वास व एस एस बी से सम्बंधित प्रश्न पूछे व जागरूक हुए. सभा के अंत में कर्नल अविनाश रावल, प्राचार्य, सैनिक स्कूल रीवा नें मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापन किया व राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ.